# भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
फतेहपुर–शेखावाटी 332 301
जिला : सीकर (राजस्थान)

M.9465170527
Pc.kvk.fatehpur@sknau.ac.in


क्रमांक :एफ( )लेखा/बीकेवीके/एफटीआर/2025/49–51 दिनांक : 14.05.2025

## खुली निविदा सूचना

भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी के फार्म पर विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन हेतु हिस्सा आधारित खेती वर्ष 2025–26 हेतु लगभग 14.0 हैक्टेयर क्षेत्र में करवाने हेतु खुली निविदा दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र 500/– रूपये केशियर को नगद जमा करवाकर कार्यालय समय प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। अथवा निविदा फार्म श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइड www.sknau.ac.in से डाउनलोड कर निविदा फार्म का शुल्क राशि रूपये 500/– का डी.डी. लगाकर भी कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। सफल निविदादाता को निविदा छुटने के तुरन्त बाद 1000/–प्रति हैक्टर के हिसाब से कुल 14000/– रूपये अमानत राशि कार्यालय में बैंकर चैक/डी.डी. के द्वारा जमा करवानी होगी। निविदा दिनांक 23.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। इस निविदा की अनुमानित राशि 07.00 लाख है। इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sknau.ac.in, and sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन भी देखा जा सकता है।

Pbdular

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान वित नियन्त्रक महोदय, **SKNAU,** जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि निविदा खोलने की निर्धारित तिथी दिनांक 23.05.2025 को अपने कार्यालय से नामित सदस्य भेजने की कृपा करावें।
2. श्रीमान निदेशक महोदय, **DEE, SKNAU,** जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि निविदा खोलने की निर्धारित तिथी दिनांक 23.05.2025 को अपने कार्यालय से नामित सदस्य भेजने की कृपा करावें।
3. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि इस निविदा को विश्वविधालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in व राज्य सरकार के पोर्टल **sppp.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करने का श्रम करे।

Pbdular

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

# भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र
## फतेहपुर–शेखावाटी
### (श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

बीज उत्पादन – वर्ष 2025–26 हिस्सा आधारित खेती हेतु खुली निविदा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | खुली निविदा संख्या | क्रंमाक :एफ( )लेखा/बीकेवीके/एफटीआर/ 2025/49–51 दिनांक : 14.05.2025 |
| 2. | निविदा फार्म की कीमत | 500/– रू प्रति फॉर्म |
| 3. | निविदा संदर्भ | हिस्सा आधारित खेती हेतु 14.00 हैक्टेयर में |
| 4. | निविदा प्रपत्र | सलंग्न (निविदा प्रपत्र मय निविदा शर्ते। |
| 5. | निविदा प्राप्त करने का समय | कार्यालय कार्य दिवस में सुबह 10.00 से सांय 5.00 बजे तक |
| 6. | निविदा कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 23.05.2025 प्रातः 11.30 बजे तक |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि | 23.05.2025 दोपहर 12.30 बजे |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर |
| 9. | पत्र व्यवहार हेतु पता | **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष** भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर– 332301 |
| **10.** | **निविदा की लागत** | **07.00 लाख रूपये** |

Pb Dular

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

# भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र
## फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर (राज0)
## (श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## निविदा प्रपत्र

**हिस्सा आधारित खेती :–**

| | |
|---|---|
| **1.** | **योजना का नामः बीज उत्पादन फसल – वर्ष 2025–26 हिस्सा आधारित खेती** |
| **2.** | **बजट मदः रिवोल्विग फंड, 2025–26** |
| 3. | **कार्य की अनुमानित अवधिः कृषि मौसम 2025–26 एक वर्ष** (खरीफ एवं रबी) **लगभग 14.0 हैक्टेयर में** |
| 4. | **अमानत राशि की प्रकृति व राशिः** सफल निविदादाता को 1000/– प्रति हैक्टर की दर से रूपये 14000/– डी0डी0 द्वारा कार्यालय में जमा करवानी होगी। |
| 5. | **निविदा खोलने की दिनांक व समय :– 23.05.2025 दोपहरः 12.30 बजे** |

निविदा की शर्ते :–

1. यह हिस्सा आाधारित खेती केवल कृषि मौसम 2025–26 एक वर्ष (खरीफ एंव रबी) के लिए ही मान्य होगी।
2. यह निविदा दो लिफाफों में भरकर देनी होगी जिसमें सभी तकनीकी दस्तावेज व प्रपत्र भरकर प्रथम लिफाफे में व दूसरे लिफाफे में वितीय दरें भरकर प्रस्तुत करना होगा।
3. बीज उत्पादन के लिये खेत की तैयारी से लेकर थ्रेसिंग व उत्पादन से प्राप्त बीज की सफाई करके गोदाम मे रखने के तक सभी कार्य हिस्साधारक (निविदादाता/ठेकेदार) को करने होगें। जिसमें खेत की तैयारी करना, पलेवा करना, बुवाई करना, सिंचाई करना, निराई–गुड़ाई करना, खरपतवारनाशी, कीटनाशी व फफूंदनाशी व उर्वरको का छिड़काव करना, फसल की कटाई करना, एकत्रित करके थ्रेसिंग करना इत्यादि कार्य हिस्साधारक को करने होगें।
4. हिस्साधारक को सभी फसलों का चारा/भूसा दिया जायेगा जिसके ऐवज में निविदादाता को सभी फसलों की थ्रेसिंग अपने खर्चे पर केन्द्र की देखरेख में करवानी होगी।
5. सफल निविदादाता को समस्त शर्तो के तहत कार्य करने व ठेकेदार द्वारा लगाये गये श्रमिकों की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी, ऐसा लिखकर रूपये 100/– के नान ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर दो गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर कार्य प्रारंभ करने से पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
6. फसलो का चुनाव व बुवाई सम्बन्धित निर्णय प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार करने होगें।
7. ट्रेक्टर से सम्बन्धित सभी कृषि कार्य केन्द्र द्वारा करवायें जायेगें तथा डीजल भी केन्द्र द्वारा ही दिया जायेगा।
8. फर्म या व्यक्ति को आधार कार्ड की प्रतिलिपि, बैंक खाते का विवरण फार्म के साथ जमा करवानी होगी।
9. सफल हिस्साधारक को हिस्सा छूटने के तुंरन्त बाद 1000/– प्रति हैक्टर के हिसाब से अमानत राशि जमा करवानी होगी।
10. बीज उत्पादन में काम आने वाले सभी आदान (बीज, खाद व उर्वरक, खरपतवारनाशी, कीटनाशी इत्यादि) एवं मशीनरी (ट्रेक्टर आदि) केन्द्र प्रभारी द्वारा उपलब्ध करवाये जायेगें।
11. फार्म पर काम आने वाले कृषि उपकरणो, ओजारो, फव्वारे के पाईपो व नोजल इत्यादि की देख–रेख की जिम्मेदारी हिस्साधारक की होगी।
12. बीज उत्पादन हेतु समस्त शष्य क्रियाएं फार्म मैनेजर/ईन्चार्ज व प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार समय पर करनी होगी तथा श्रमिको व ओजारो की व्यवस्था हिस्साधारक को करनी होगी।
13. फार्म की चौकीदारी, पशु–पक्षियों से रखवाली, फसलो के आस–पास की सफाई हिस्साधारक को करनी होगी।
14. उत्पादित बीज का वजन तोलते समय नमी व कचरे का 2 प्रतिशत काटा जायेगा।

15. व्यवसायी उत्पादन मे हिस्साधारक को अनाज व चारे का हिस्सा दिया जायेगा।
16. थ्रेसिंग व उत्पादित बीज को गोदाम मे रखने का कार्य सक्षम अधिकारी की देखरेख मे करवाना होगा।
17. यदि हिस्साधारक कृषि कार्य समय पर या ठीक से नहीं करता है तो उसकी अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी तथा उसका हिस्सा तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा।
18. **हिस्साधारक को उत्पादन के रूप में बीज नहीं दिया जायेगा हिस्से की राशि थ्रेसिंग की तिथी से नजदीकी सरकारी मण्डी मे 7 दिन बाद के औसत मण्डी भाव के अनुसार अदा की जायेगी।**
19. निविदा समाप्त होने पर फार्म से लिये गये सभी सामान जमा करवाने होगें।
20. कृषि कार्य करने के दौरान हिस्साधारक व उसके श्रमिको के साथ किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो वे इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगें।
21. मौसम या अन्य कारणो से अगर फसल खराब होती है तो हिस्साधारक को श्रमिको की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जायेगा।
22. केन्द्र प्रभारी निविदा के समय केन्द पर उपलब्ध संसाधनों के अनुसार अन्य निविदा शर्तो को भी शामिल कर सकते है।
23. निराई गुडाई, फसल कटाई, थ्रेसिग आदि कार्य व थ्रेसिंग उपरान्त इक्कठा करना, ढेर लगाना आदि कार्य मौसम की स्थिति अनुसार निविदादाता को फार्म प्रबन्धक की आज्ञानुसार करने होगे, व कटी हुई फसल के ढेर को वर्षा होने पर तिरपालों से ढकना होगा।
24. थ्रेसिंग मशीन की व्यवस्था व भुगतान निविदादाता/ठेकेदार को करना होगी, इसके बदले में ठेकेदार को सभी उत्पादित फसलो का भूसा (चारा) दिया जायेगा। अगर थ्रेसिंग के समय क्षति अधिक होगी तो फार्म मैंनेजर द्वारा थ्रेसिंग के कार्य को रोका जा सकता है अथवा दुबारा कराया जा सकता है।
25. फसल में रोगिंग (अवांछित पौधे हटाना)का कार्य फार्म प्रभारी/प्रबन्धक की आज्ञानुसार निविदादाता को ही करना होगा।
26. प्रस्तावित निविदा पत्र वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव अध्यक्ष, भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर को मय निविदा के विवरण लिफाफे के उपर लिख कर प्रस्तुत करनी होगी।
27. दर प्रतिशत को शब्दों व अंकों में लिखे। किसी भी प्रकार की कांट छांट अथवा फिर से ठीक किया हुआ स्वीकृत नही होगा।
28. सिंचाई हेतु जल आपूर्ति ठेकेदार को फसल में बताए समयानुसार करनी होगी एवं आवश्यक हुआ तो रात्रि में भी करनी होगी। कार्य की आवश्यकता को मध्य नजर रखते हुए फार्म प्रभारी/प्रबन्धक की आज्ञा से कार्य की समयावधि धटाई बढाई जा सकती है।
29. बीज उत्पादित फसलों में आवारा पशुओं द्वारा नुकसान न हो इस हेतु निगरानी दिन व रात में करनी होगी। अनुमानित हिस्सेदारी से कम हिस्सेदारी पाये जाने पर ठेकेदार की निविदा निरस्त की जा सकती है।

**मुझे निविदा की उपरोक्त समस्त शर्ते मंजूर है तथा में उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने हेतु सहमत हूँ।**

**ठेकेदार के हस्ताक्षर मय दिनांक**

**नाम :–**

**पताः–** **मो0 न0ः–**

# <u>हिस्सा आधारित खेती हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र</u>

निविदादाता का नाम व पता मय दूरभाष : ........................................................................................................

...................................................................................................................................................

1. धरोहर राशि रूपये 14,000/– का विवरणः डी.डी./चैक/रशीद सं. ...................., दिनांकः ......... .............
2. निविदादाता का पैन नं.: ........................................................ (स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
3. निविदादाता की आधार संख्याः ...................................................... (स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
4. निविदादाता को शर्तो पर सहमति हेतु अपने हस्ताक्षर मय सील करने है।
5. सफल निविदादाता को रूपये 100/– के नान ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर अनुबंध पत्र कार्यालय में जमा करना होगा।
6. निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष रहेगा।
7. **कृषि उपज मण्डी फतेहपुर–शेखावाटी के 07 दिनों के औसत भाव (फसल निकालने की अवधि के 7 दिवस बाद तक) के आधार पर या विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार जो भी मूल्य होगा उसके हिस्से के उत्पाद का बिल कोष कार्यालय से पास होने के बाद चैक द्वारा भुगतान कर दिया जावेगा।**
8. निविदा सीलबंद लिफाफे में जमा की जावेगी।
9. धरोहर राशि पर केन्द्र द्वारा किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**नामः**

**दूरभाषः**

**ईमेलः**

# हिस्सा आधारित खेती के कार्य को सम्पादन हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

मैं/हम नीचे दर्शाये गये फसलों में हिस्सा आधारित खेती के कार्य को पूरा करने के लिये निम्नलिखित दरें प्रस्तुत कर रहे है :–

| क्र.सं. | मौसम | बोई जाने वाली फसल का नाम | हिस्सा आधारित खेती के उत्पादन में ठेकेदार/ निविदादाता द्वारा दर्शाया जाने वाला हिस्सा (प्रतिशत) (अंको व शब्दों दोनों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ, 2025–26 | ग्वार, बाजरा, मूंग | |
| 2 | रबी, 2025–26 | गेहूॅं, जौ, मेथी, सरसों | |

ठेकेदार/कोन्ट्रेक्टर/निविदादाता
के हस्ताक्षर मय दिनांक

नाम :–

पताः–

मो0 न0ः–

